बिहार सरकार

बिहार सरकार
समेकित बाल विकास सेवाएँ (ICDS) निदेशालय, बिहार
(समाज कल्याण विभाग)

द्वितीय तल, इंदिरा भवन, राम चरित्र सिंह पथ, पटना - 800001
फ़ोन : +91-612-2547341, ईमेल : icds@dtpl.biz, website : www.icdsbih.gov.in

पत्र संख्या :– ICDS/75010/12-2014 Part-II....476.......... दिनांक 01/02/2022

प्रेषक,

निदेशक
आई.सी.डी.एस.

सेवा में,

सभी जिला प्रोग्राम पदाधिकारी,
सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी।

ई-मेल
अत्यावश्यक

विषय :- **राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में अवस्थित सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में "नल का जल" की उपलब्धता एवं प्रबंधन हेतु आई.सी.डी.एस. निदेशालय के "आंगन ऐप" अन्तर्गत NIC के द्वारा निर्धारित मेनू में आवश्यक सूचनाओं की प्रविष्टि करने के संबंध में।**

प्रसंग:- **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग का पत्रांक-2 दिनांक 04.01.2022 एवं निदेशालय का पत्रांक-168 दिनांक 13.01.2022**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक एवं प्रासंगिक पत्रों के क्रम में सूचित करना है कि "हर घर नल का जल" निश्चय अन्तर्गत राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में अवस्थित सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में 'नल का जल' उपलब्ध कराया जाना है। आपके जिला/परियोजना अन्तर्गत 'नल का जल' से आच्छादित आंगनवाड़ी केन्द्रों का सत्यापन कराते हुए 'नल का जल' विहीन आंगनवाड़ी केन्द्रों में प्राथमिकता के आधार पर इसकी शत-प्रतिशत उलब्धता हेतु निदेशालय के पत्रांक-168 दिनांक 13.01.2022 के द्वारा विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन प्राप्त किया गया था।

दिनांक 17.01.2022 को विकास आयुक्त, बिहार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक की कार्यवाही की प्रति संलग्न करते हुए सूचित करना है कि विकास आयुक्त, बिहार के द्वारा राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में अवस्थित सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं सरकारी विद्यालयों में 'नल का जल' की उपलब्धता एवं प्रबंधन हेतु एक MIS/Dashboard तैयार करने का निदेश दिया गया, जिसके माध्यम से लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग एवं पंचायती राज विभाग के द्वारा इस योजना अन्तर्गत उपलब्ध करायी गई पेयजल व्यवस्था की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता का अनुश्रवण किया जा सके।

उपरोक्त निदेश के आलोक में दिनांक 24.01.2022 तथा 28.01.2022 को प्रधान सचिव, पंचायती राज विभाग के द्वारा आयोजित बैठक में प्रश्नगत MIS/Dashboard को तैयार कर अंतिम रूप दिया गया है एवं निदेश दिया गया है कि आंगनवाड़ी केन्द्रों के संदर्भ में सूचनाएं एकत्रित कर MIS/Dashboard में Entry करने का कार्य संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी करेंगे, जो इस हेतु नोडल पदाधिकारी नामित किये जायेंगे।

उक्त के आलोक में सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को अपने परियोजना का नोडल पदाधिकारी नामित करते हुए निदेश दिया जाता है कि आई.सी.डी.एस. निदेशालय के "आंगन ऐप" अन्तर्गत NIC के द्वारा निर्धारित मेनू में तीन दिनों के भीतर अपने परियोजना से संबंधित आवश्यक सूचनाओं (नमूना की प्रति संलग्न) की प्रविष्टि करना सुनिश्चित करेंगे एवं सभी जिला प्रोग्राम पदाधिकारी अपने जिला अन्तर्गत निर्धारित समय में वांछित प्रविष्टि कराना सुनिश्चित करेंगे। चूंकि वर्तमान कार्य निर्धारित समयावधि के भीतर पूर्ण किया जाना है, इसलिए किसी भी स्तर से किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी एवं किसी प्रकार की शिथिलता को अत्यंत गंभीरता से लिया जायेगा।

इसे अत्यावश्यक समझा जाय।

अनुलग्नक-यथोक्त।

विश्वासभाजन

निदेशक

आई.सी.डी.एस.

ज्ञापांक :- ICDS/75010/12-2014 Part-II 476 दिनांक 01/02/2022

प्रतिलिपि :- सभी जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- श्री शैलेश कुमार श्रीवास्तव, Senior Technical Director, NIC, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- प्रधान सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- प्रधान सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक

आई.सी.डी.एस.